**SHL/SEC/2026** **03.09.2026**

**The Bombay Stock Exchange Ltd**
**Listing Department, 1st floor, New Trading Ring,**
**Rotunda Building, Phiroze JeeJeeBhoy Towers,**
**Dalal Street, Mumbai-400001**
**Scrip Code: 537253 at BSE**

**The Calcutta Stock Exchange Ltd.**
**7, Lyons Range**
**Kolkata - 700 001 India**

**Dear Sir/Ma'am**,

**Sub: (i) Intimation of Book closure date**
**(ii) Publication of Book closure date and intimation of dispatch of notice of the 52nd AGM-reg.**

In continuation of our letter dated September 02, 2026 interalia convening of the 52nd Annual General Meeting (AGM) of the Company on Monday, September 28, 2026 at 12:30 p.m. P.M./IST through Video Conferencing (VC)/ other Audio Visual Means (OAVM) for which Registered office of the Company at 38E/252A, Vijay Tower, 3rd floor, Panchsheel Commercial Complex, Shahpur Jat, New Delhi-110049, shall be deemed as the venue for the meeting, we wish to inform you that dispatch of notice of the 52nd AGM and Annual report for FY 2025-26 to eligible shareholders of the Company **was completed on September 02, 2026.**

Publication of Book closure date pursuant to provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013, which will be started from 22.09.2026 to 28.09.2026 (both days inclusive) and interalia completion of dispatch of Notice of 52nd AGM and Annual report for FY 2025-26 of the Company has been published both in English and Hindi version in the Pioneer newspaper on September 03, 2026.

Copy of newspaper clippings are enclosed herewith.

This is for your information and record please.

Thanking you,
Yours sincerely,
**For SUNIL HEALTHCARE LIMITED**

SATYENDU PATTNAIK
Digitally signed by SATYENDU PATTNAIK
Date: 2026.09.03 12:22:59 +05'30'

**SATYENDU PATTNAIK**
**COMPANY SECRETARY**
F7736

Encl: Newspaper clipping.dt. 03.09.2026

## सीएमओ कार्यालय में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक

**अलीगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अब बाहरी और अनधिकृत लोगों का कक्ष में बैठना भारी पड़ेगा। कार्यालय की गोपनीयता भंग होने और सरकारी कार्यों मैं बाधा उत्पन्न होने का हवाला देते हुए सीएमओ ने सभी अधिकारियों- कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। साथ ही पत्रकारों को किसी भी प्रकार की सूचना या बाइट देने की जिम्मेदारी भी केवल निर्धारित अधिकारियों तक सीमित कर दी गई है।

सीएमओ कार्यालय की ओर से जारी कार्यालय पत्र में कहा गया है कि मौखिक रूप से और पूर्व में भेजे गए कार्यालय पत्र के माध्यम से निर्देशित करने के बावजूद कार्यालय के विभिन्न कक्षों में बाहरी व्यक्ति और अनाधिकृत लोग बैठे पाए जा रहे हैं। इससे कार्यालय की गोपनीयता भंग होने के साथ ही राजकीय कार्यों के संपादन में अनावश्यक विलंब हो रहा है। पत्र के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कक्ष में किसी भी बाहरी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से बैठने की अनुमति न दें।

## चोरी का माल बरामद करने पहुंची पुलिस को घर में बनाया बंधक, मचा हड़कंप



**पायनियर समाचार सेवा। अलीगढ़**

थाना रोरावर क्षेत्र में चोरी के माल की बरामदगी के लिए दबिश देने पहुंची पुलिस के साथ घर में विरोध और हंगामे का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, चोरी के मामले में पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए, आरोपी को उसकी निशान देही पर चोरी का माल बरामद करने के लिए पुलिस उसके घर लेकर पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी के माता-पिता ने पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया।

मामला बढ़ने पर क्राइम इंस्पेक्टर अनुज कुमार शर्मा और दो पुलिस कर्मियों को घर में बंधक बनाए जाने की सूचना अधिकारियों तक पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में उच्चाधिकारी और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। महिला पुलिस कर्मियों को भी बुलाया गया। पुलिस के अनुसार, अतिरिक्त बल की मौजूदगी में आरोपी के माता-पिता को हिरासत में लिया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घर से चोरी का माल बरामद कर लिया। घटना के दौरान मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सीओ नगर प्रथम संजीव कुमार के अनुसार आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर चोरी का माल बरामद करने के लिए उसके गई थी, वहां उसके माता-पिता ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। अतिरिक्त पुलिस बल और महिला पुलिस बल बुलाकर दोनों को हिरासत में लिया गया और आरोपी की निशान देही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## हरदुआगंज रेलवे स्टेशन पर उड़ रहा क्लिंकर का गुबार

**पायनियर समाचार सेवा। अलीगढ़**

हरदुआगंज रेलवे स्टेशन पर माल गाड़ियों से कथित तौर पर अवैध तरीके से क्लिंकर उतारे जाने से आसपास के गांवों में फैल रहे वायु प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्लिंकर की अनलोडिंग तत्काल बंद कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि क्लिंकर उतारते समय धूल का गुबार आसपास के क्षेत्रों में फैल रहा है, जिससे लोगों के साथ पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। मांग नहीं मानी तो धरना प्रदर्शन के साथ ही आमरण अनशन भी करेंगे।

ग्रामीणों के अनुसार क्लिंकर से होने वाले वायु प्रदूषण से आसपास के करीब 10 गांव प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को आंखों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और आंखों के ऑपरेशन तक कराने पड़े हैं। वहीं, अस्थमा जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।



- 10 गांवों की सांसों पर संकट ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों ने कहा कि प्रदूषण का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी फैक्ट्री को बंद कराना नहीं है। उनका कहना है कि फैक्ट्री में काम करने वाले लोगों के रोजगार पर कोई असर न पड़े, लेकिन रेलवे स्टेशन पर जिस तरीके से क्लिंकर उतारा जा रहा है, उसे तत्काल रोका जाए। ग्रामीणों ने बताया कि जहां सीमेंट बनाने की फैक्ट्री लगाई जाती है, वहां सामान्यतः आबादी कम होती है, जबकि हरदुआगंज स्टेशन के पास आबादी और शिक्षण संस्थान भी हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई करने और हरदुआगंज रेलवे स्टेशन पर क्लिंकर उतारने की प्रक्रिया बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मांग पूरी नहीं होती तो आमरण अनशन से लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। हमें तिल तिल कर न मारा जाए एक साथ मार दिया जाए तो अच्छा है।

## सुभाष बाजार : जर्जर दुकानों पर चला बुलडोजर

**आगरा।** शहर के व्यस्ततम सुभाष बाजार स्थित महावीर नाले पर बनी अवैध और जर्जर दुकानों के खिलाफ आखिरकार नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। बुधवार को प्रवर्तन टीम भारी पुलिस बल के साथ पोकलेन और जेसीबी लेकर ध्वस्तीकरण करने पहुंची।

कार्रवाई विगत आठ जुलाई को हुए दर्दनाक हादसे के बाद की जा रही है, जिसमें एक जर्जर दुकान गिरने से एक महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। हादसे के बाद नगर निगम की जांच में खुलासा हुआ था कि नाले के ऊपर बने स्लैब बेहद कमजोर हो चुके हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सुरक्षा को देखते हुए निगम ने नाले पर बनी सात दुकानों को चिन्हित कर खाली करने का अल्टीमेटम दिया था। नोटिस के बाद तीन दुकानदारों ने खुद ही दुकानें खाली कर दी थीं, जबकि चार ने सामान हटाने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। समय सीमा खत्म होते ही निगम का दस्ता कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचा। अधिकारियों का कहना है कि जनहानि रोकने के लिए खतरनाक निर्माण हटाना जरूरी है और नाले-नालियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ब्लैक स्पॉट आने से पहले गूगल करेगा अलर्ट

- जिले में 208 क्रिटिकल केयर लोकेशन और 33 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए

**पायनियर समाचार सेवा। आगरा**

सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अब आगरा पुलिस नई टेक्नोलॉजी का सहारा ले रही है। आगरा में चिन्हित क्रिटिकल केयर लोकेशन और ब्लैक स्पॉट का जियो-लोकेशन आधारित डेटा तैयार किया गया है। इस डेटा को डिजिटल मैपिंग सिस्टम से इंटीग्रेट कर वाहन चालकों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से पहले ही अलर्ट किया जाएगा। ये जानकारी सोनम कुमार, डीसीपी ट्रैफिक, ने दी

गौरतलब है कि गूगल मैप पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र से करीब 500 मीटर पहले स्पीड अलर्ट दिया जाएगा, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। उत्तर प्रदेश एक आगरा पहला ऐसा जिला बन गया है कि जो लोग गूगल मैप के जरिए वाहन चला रहे होंगे, उनको सड़क हादसे से पहले ही अलर्ट कर दिया जाएगा।



आगरा में सड़क सुरक्षा को लेकर एक अहम तकनीकी पहल की जा रही है। इसके तहत दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का लोकेशन डेटा तैयार किया गया है। आगरा जिले में 208 क्रिटिकल केयर लोकेशन और 33 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। अब इन लोकेशन को डिजिटल मैपिंग और नेविगेशन सिस्टम से जोड़ा गया है।

गूगल मैप पर वाहन चालक जैसे ही किसी दुर्घटना संभावित क्षेत्र की ओर बढ़ेगा, संबंधित लोकेशन से करीब 500 मीटर पहले प्री-एम्प्टिव अलर्ट दिया जाएगा। अलर्ट के जरिए चालक को बताया जाएगा कि आगे दुर्घटना संभावित क्षेत्र है और यहां दुर्घटना का जोखिम अधिक है। साथ ही वाहन चालक को स्पीड कम करने और सावधानी से वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य है कि चालक को खतरे वाले क्षेत्र की जानकारी रियल-टाइम नेविगेशन के दौरान पहले ही मिल जाए, जिससे वह समय रहते अपने वाहन की गति नियंत्रित कर सके।

दरअसल, सड़क हादसों में तेज रफ्तार और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पर्याप्त सावधानी न बरतना बड़ी वजहों में शामिल है। ऐसे में लोकेशन-बेस्ड वार्निंग सिस्टम के जरिए चालक के व्यवहार में समय रहते बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के इस नए प्रयास से उम्मीद जताई जा रही ही कि अब सड़क पर खतरे वाले प्वाइंट की जानकारी सिर्फ साइन बोर्ड तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिजिटल मैप और नेविगेशन अलर्ट के जरिए चालक तक सीधे पहुंचेगी, और 500 मीटर पहले मिलने वाला प्री-वार्निंग अलर्ट, वाहन की गति नियंत्रित करने में मदद करेगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम साबित होगा।

## जाम बना मासूम की मौत का सबब, गोद में शव लेकर बिलखते रहे परिजन

**पायनियर समाचार सेवा। अलीगढ़**

खैर कस्बे में आए दिन लगने वाला जाम बुधवार को एक परिवार के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गया। तेज बुखार से तप रही बीमार बच्ची को इलाज के लिए लेकर जा रहे परिजन करीब तीन किलोमीटर लंबे जाम में फंस गए। पिता का आरोप है कि जाम में फंसे होने के दौरान उन्होंने लोगों से रास्ता देने की लगातार गुहार लगाई, लेकिन किसी ने साइड नहीं दी। काफी मशक्कत के बाद जब परिजन खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पिता वीरपाल बच्ची को गोद में लेकर बिलखते नजर आए। परिजनों का कहना है कि बच्ची को तेज बुखार था और उसकी प्लेटलेट्स भी काफी कम हो गई थीं। हालत



बिगड़ने पर उसे परिजन सरकारी अस्पताल खैर सीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में लगा लंबा जाम मुसीबत बन गया। पीड़ित परिवार खैर कस्बे के बिशनपुर मोहल्ले का रहने वाला बताया गया है। पिता वीरपाल ने रोते हुए आरोप लगाया कि जाम में फंसे होने के दौरान वह लोगों से रास्ता देने की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने उनकी मजबूरी नहीं समझी। करीब तीन किलोमीटर लंबे जाम से किसी तरह निकलकर जब वे अस्पताल पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजनों का घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ग्रेटर आगरा में 386 भूखंडों से एडीए को मिलेंगे 229.61 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा। आगरा**

- नर्मदापुरम टाउनशिप में 499 पात्र आवेदकों के बीच हुआ ड्रॉ, 571 आवेदन आए थे
- असफल रहने वाले आवेदकों की पंजीकरण धनराशि पांच कार्य दिवस की जाएगी वापस

ग्रेटर आगरा परियोजना के रायपुर एवं रहनकलां क्षेत्र में विकसित हो रही नर्मदापुरम टाउनशिप (टी-7) में बुधवार को 386 भूखंडों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन कर दिया गया। 499 पात्र आवेदकों के बीच हुए इस ड्रॉ से आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) को करीब 229.61 करोड़ रुपये की आय होगी।

टाउनशिप में अलग-अलग श्रेणियों के कुल 718 भूखंडों के आवंटन के लिए एडीए ने 29 जून से 29 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। इस दौरान 571 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच के बाद 499 आवेदक पात्र पाए गए।

**बच्चों ने निकाली लॉटरी की पर्चियां :** बुधवार सुबह 9:30 बजे सरस सदन प्रेक्षागृह में लॉटरी ड्रॉ कराया गया। प्रशिक्षु आईएएस हेमंत की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया पात्र आवेदकों के सामने पारदर्शी तरीके से हुई। ड्रॉ की पर्चियां गायत्री पब्लिक स्कूल के बच्चों से निकलवाई गईं। एडीए ने लॉटरी का सीधा प्रसारण अपने यू-ट्यूब चैनल पर भी किया।

**किस श्रेणी में कितने भूखंड मिले**

एलआईजी – 47 भूखंड
एमआईजी-1 – 117 भूखंड
एमआईजी-2 – 190 भूखंड
एचआईजी-1 – 8 भूखंड
एचआईजी-2 – 24 भूखंड

इस तरह कुल 386 भूखंडों का आवंटन किया गया।

**332 भूखंड अभी बाकी**

नर्मदापुरम टाउनशिप में कुल 718 भूखंड हैं। इनमें से 386 भूखंडों का आवंटन होने के बाद 332 भूखंड शेष रह गए हैं। वहीं, लॉटरी में असफल रहने वाले आवेदकों की पंजीकरण धनराशि एडीए की ओर से पांच कार्य दिवस में वापस करने की बात कही गई है।

**नर्मदापुरम टाउनशिप**

718 – कुल भूखंड
571 – प्राप्त आवेदन
499 – पात्र आवेदक
386 – लॉटरी से आवंटित भूखंड
332 – शेष भूखंड
229.61 करोड़ – अनुमानित आय।

## ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया का डीईओ ने किया निरीक्षण

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के प्रथम स्तर की जांच कार्य का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में सुरक्षित रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया शुरू की गई है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एफएलसी की प्रक्रिया, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कार्मिकों और एफएलसी कार्य में लगे इंजीनियरों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप एफएलसी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पाकिस्तान : जेल प्रशासन ने एक बार फिर इमरान खान से बहनों को मिलने नहीं दिया

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रावलपिंडी की अदियाला जेल में एक बार फिर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी गई। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को इसे रिपोर्ट किया। उनके मुताबिक खान की पत्नी बुशरा बीबी से भी उनका परिवार नहीं मिल पाया। हालांकि एक दिन पहले ही इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने अधिकारियों को जेल मैनुअल के हिसाब से चलने का आदेश दिया था।

पाकिस्तानी दैनिक 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जेल अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी के संस्थापक इमरान खान से परिवार के सदस्यों को मिलने नहीं दिया। पार्टी ने इस कदम को सुप्रीम कोर्ट और इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के आदेशों का उल्लंघन बताया है।

पीटीआई ने कहा कि अदालती आदेशों के बावजूद मुलाकात से रोकना उच्च न्यायपालिका के आदेशों को नजरअंदाज करना है और ये बेहद गंभीर मामला है। पार्टी ने संबंधित जेल

- 18 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को शिफा अस्पताल ले जाने और परिवार के सदस्यों को मिलने की इजाजत देने का आदेश दिया था

अधिकारियों से अदालती आदेशों का पालन करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि इमरान खान और बुशरा बीबी को कानून के मुताबिक अपने परिवार के सदस्यों से मिलने दिया जाए। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई के वकील एडवोकेट अवैस यूनुस चौधरी ने बताया कि इमरान खान की तीन बहनें मंगलवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6:30 बजे तक अदियाला जेल में मुलाकात का इंतजार करती रहीं। हालांकि, जेल अधिकारियों ने उन्हें इमरान खान से मिलने नहीं दिया। पाकिस्तान के एक अन्य अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान की बहन की दूसरी अर्जी खारिज कर दी थी। इस अर्जी में अदालत के 18 अगस्त के आदेश (जिसमें पीटीआई संस्थापक को शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल ले जाने का निर्देश दिया गया था) को लागू न करने पर दायर अवमानना याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की गई थी। अदालत ने मामले की जल्द सुनवाई की मांग वाली पिछली याचिका भी खारिज कर दी थी।

18 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल ले जाने और अधिकारियों को उनके परिवार के सदस्यों से मिलने की इजाजत देने का आदेश दिया था। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत के आदेश के बावजूद अधिकारियों ने 21 अगस्त को इमरान खान को इलाज के लिए पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) ले गए और डॉक्टरों के यह कहने पर कि वह 'मेडिकली फिटह्व हैं, उन्हें वापस अदियाला जेल ले आए। खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। उन्हें दोषी ठहराए जाने के मामले को उनकी पार्टी पीटीआई राजनीति से प्रेरित बताती आई है। 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पद से हटाए जाने के बाद से इमरान खान को भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में जेल की सजा काटनी पड़ रही है।

## 18 साल से फरार वारंटी आरोपी को जीआरपी ने दबोचा

**अलीगढ़।** जीआरपी अलीगढ़ पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी करीब 18 वर्षों से फरार चल रहा था। उसे उसके घर से दबोचा गया। पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम तथा वांछित और वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी की टीम ने मुखबिर की सूचना और सर्विलांस के आधार पर शिवराज पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम दमनपुरा, थाना सिकंदराराऊ, जिला हाथरस को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शिवराज के खिलाफ जीआरपी थाने में मुकदमा दर्ज था। वह 18 वर्षों से न्यायालय से जारी वारंट में वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में जीआरपी अलीगढ़ थाने के उपनिरीक्षक कुलदीप मलिक और कांस्टेबल उत्तम सिंह शामिल रहे।

## हथनीकुंड बैराज : मोटर बोट पलटने से दो कमांडो तेज बहाव में लापता

**यमुनानगर।** हरियाणा-हिमाचल सीमा पर स्थित हथनीकुंड बैराज क्षेत्र में भारतीय सेना की 'वन पैरा स्पेशल फोर्स' द्वारा बाढ़ बचाव का अभ्यास किया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटर बोट अनियंत्रित होकर डेंजर जोन में चली गई और तेज बहाव के कारण पलट गई, जिससे नाव में सवार पांच में से तीन जवान तैरकर सुरक्षित बाहर आ गए। पिछले 14 घंटों से युद्धस्तर पर जारी रेस्क्यू ऑपरेशन घटना को 14 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के रहने वाले दोनों लापता कमांडोज का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और यूपी पीएसी की संयुक्त टीमें रातभर से खोजबीन में जुटी हैं। हेलीकॉप्टरों की मदद से तलाश और पानी का तेज खिंचाव प्रशासन के अनुसार बैराज के गेटों के पास पानी का खिंचाव अत्यधिक होने के कारण कमांडो के बहकर आगे जाने की आशंका जताई जा रही है। लापता जवानों की तलाश के लिए दो विशेष हेलीकॉप्टरों की मदद ली जा रही है और जलक्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**SUNLOC सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 38E/252-A, विजय टॉवर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन: L24302DL1973PLC189662 7 / ई-मेल आईडी: info@sunilhealthcare.com /वेबसाइट: www.sunilhealthcare.com
टेलीफोन: +91-11-49435555/00 7, फैक्स: +91-11-43850087

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC') अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ('OAVM') के माध्यम से सोमवार, 28 सितंबर, 2026 को अपराह्न 12:30 बजे (IST) आयोजित होने वाली 52वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग एवं बुक क्लोजर की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 52वीं वार्षिक आम बैठक ('AGM') सोमवार, 28 सितंबर, 2026 को अपराह्न 12:30 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC')/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ('OAVM') के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक के प्रयोजनार्थ कंपनी का पंजीकृत कार्यालय, 38E/252A, विजय टॉवर, तृतीय तल, पंचशील कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शाहपुर जाट, नई दिल्ली-110049, बैठक का स्थल माना जाएगा तथा AGM की सूचना में उल्लिखित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 एवं 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, जिन्हें नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 तथा इस संबंध में समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों के साथ पढ़ा जाए (जिन्हें सामूहिक रूप से 'स्क्ष परिपत्र' कहा गया है), तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('SEBI') द्वारा जारी नवीनतम परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 एवं इस संबंध में जारी अन्य लागू परिपत्रों ('SEBI परिपत्र') के अनुसार, कंपनियों को सदस्यों की किसी एक सामान्य स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC')/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ('OAVM') के माध्यम से वार्षिक आम बैठक ('AGM') आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गई है।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, AGM की इलेक्ट्रॉनिक सूचना, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसार व्याख्यात्मक विवरण, रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग की प्रक्रिया, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लेने संबंधी विवरण, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट आदि बुधवार, 02 सितंबर, 2026 को उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दिए गए हैं, जिनके ई-मेल पते कंपनी/RTA/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('DP') के साथ पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट https://www.sunilhealthcare.com/annual-reports, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात www.bseindia.com तथा MUFG Intime India Pvt. Ltd. की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, जिसमें समय-समय पर संशोधन किया गया है, SEBI (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों संबंधी सचिवीय मानक के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के सदस्यों को 52वीं वार्षिक आम बैठक में विचारार्थ प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की गई है।

कंपनी ने 'रिमोट ई-वोटिंग'/ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान हेतु InstaVote प्लेटफॉर्म की सेवाएं प्राप्त करने के लिए MUFG Intime India Private Limited को नियुक्त किया है। वे सदस्य, जो भौतिक अथवा डीमैट स्वरूप में शेयर धारण किए हुए हैं और कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 21 सितंबर, 2026 को कंपनी के सदस्य हैं, वे AGM की सूचना में उल्लिखित कार्यों पर MUFG Intime India Pvt. Ltd. के इलेक्ट्रॉनिक InstaVote प्लेटफॉर्म https://instavote.linkintime.co.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत दे सकते हैं।

SEBI के परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoDw/CIR/P/0155 दिनांक 11 नवंबर, 2024 के अनुसार, डीमैट स्वरूप में प्रतिभूतियां धारण करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरीज एवं डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास बनाए गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया के लिए कृपया 52वीं AGM की सूचना के नोट संख्या 25 का संदर्भ लें।

सदस्य निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

i) रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 25 सितंबर, 2026 को प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगी तथा रविवार, 27 सितंबर, 2026 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। इसके पश्चात ई-वोटिंग एजेंसी द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
ii) किसी प्रस्ताव पर शेयरधारक द्वारा एक बार मतदान कर दिए जाने के पश्चात, शेयरधारक को बाद में अपना मत परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।
iii) सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 21 सितंबर, 2026 को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
iv) कोई भी व्यक्ति, जो सूचना भेजे जाने के पश्चात कंपनी के शेयर अर्जित करता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 21 सितंबर, 2026 को कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा शेयर धारण करता है, वह त्ररूकी सूचना के नोट संख्या 25 में दी गई रिमोट ई-वोटिंग संबंधी प्रक्रिया का पालन कर लॉग-इन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
v) केवल वही व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा संधारित लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग/वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान की सुविधा प्राप्त करने का पात्र होगा।
vi) कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पश्चात भी AGM में भाग ले सकता है, परंतु उसे AGM में पुनः मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।
vii) मेसर्स ATCS & Associates, पीयर रिव्यूड प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज, (ICSI यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर P2017RJ063900), जयपुर को ई-वोटिंग एवं रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया गया है।
viii) यदि भौतिक स्वरूप में प्रतिभूतियां धारित करने वाले शेयरधारकों/सदस्यों अथवा संस्थागत शेयरधारकों को ई-वोटिंग, जिसमें लॉग-इन संबंधी समस्या भी शामिल है, के संबंध में कोई प्रश्न हो, तो वे enotices@in.mpms.mufg.com पर अनुरोध भेजकर INSTAVOTE हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं अथवा दूरभाष : 022-4918 6000/49186175 पर संपर्क कर सकते हैं। सदस्य instameet@in.mpms.mufg.com, cs@sunilhealthcare.com अथवा कंपनी के आरटीए से rta@alankit.com या lalitap@alankit.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।
ix) ई-वोटिंग तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के विस्तृत निर्देशों के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैठक की सूचना (विशेष रूप से नोट संख्या 26) का अवलोकन करें।

इसके अतिरिक्त एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 तथा SEBI (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुसार, कंपनी की वार्षिक आम बैठक के प्रयोजनार्थ कंपनी के सदस्य रजिस्टर एवं शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार, 22.09.2026 से सोमवार, 28.09.2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगे।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
सत्येंदु पटनायक
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
F7736
स्थान :नई दिल्ली
दिनांक :03 सितंबर, 2026

पंजीकृत कार्यालय: 38E/252A, विजय टॉवर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन नं.: L24302DL1973PLC189662
फोन नं.:+91-11-49435555/00, फैक्स नं.: 011-43850087
ई-मेल आईडी: info@sunilhealthcare.com
वेबसाइट: www.sunilhealthcare.com

## 270 दिन समुद्र में रहने के बाद थाईलैंड पहुंचा अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन

**एजेंसी। बैंकॉक**

करीब नौ महीने तक लगातार समुद्र में रहने के बाद अमेरिकी नौसेना का विशाल विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन थाईलैंड पहुंचा है। लंबी और थकाऊ तैनाती के बाद पोत पर सवार करीब 5,000 अमेरिकी नौसैनिकों और मरीन को अब कुछ दिनों के आराम का मौका मिला है।

थाईलैंड मीडिया आउटलेट डेली मेल के अनुसार, नेवी ने बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर बुधवार को पटाया पहुंचा, जहां उस पर सवार 5,000 नाविकों और मरीन को अमेरिका लौटने से पहले आराम करने का मौका मिलेगा। कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 3 के कमांडर, रियर एडमिरल रॉबर्ट लॉफ्रन ने एक बयान में कहा, ह्लचाबांग में हमारे पहुंचने से हमारे नाविकों और मरीन को आराम करने और नई ऊर्जा पाने का एक बहुत जरूरी मौका मिला



है।ह्व यह पोत बुधवार को थाईलैंड के लाम चाबांग बंदरगाह पहुंचा। उसके साथ अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के अन्य युद्धपोत भी हैं। यह पड़ाव ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सैनिक करीब 270 दिनों से ज्यादा समय समुद्र में बिताने के बाद वापसी की राह पर हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन नवंबर 2025 में कैलिफोर्निया से अपने अभियान पर निकला था। शुरूआत में उसकी तैनाती एशिया-प्रशांत क्षेत्र में थी, लेकिन बाद में बदलते हालात के बीच उसे मध्य पूर्व भेज दिया गया। ईरान से जुड़े अमेरिकी सैन्य अभियान में भी इस विमानवाहक पोत की अहम भूमिका रही। इतनी लंबी तैनाती ने जहाज पर मौजूद सैनिकों के लिए हालात आसान नहीं छोड़े। लंबे समय तक समुद्र में रहने के दौरान काम का दबाव, सीमित निजी जगह और लगातार सैन्य तैयारियों ने नौसैनिकों पर शारीरिक और मानसिक दबाव बढ़ाया। अमेरिकी मीडिया में जहाज पर रहने की परिस्थितियों और सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी सवाल उठे हैं। थाईलैंड पहुंचने के बाद अमेरिकी सैनिकों को करीब पांच दिन का आराम मिलने की उम्मीद है। उन्हें लाम चाबांग से पटाया ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। हजारों अमेरिकी सैनिकों के पटाया पहुंचने से स्थानीय कारोबारियों को भी फायदा होने की उम्मीद है। होटल, रेस्तरां, परिवहन और पर्यटन से जुड़े कारोबारों में गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

पटाया प्रशासन ने हालांकि सुरक्षा को लेकर भी व्यापक तैयारियां की हैं। बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया है।

## कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच तेल की कीमतों में तेजी और वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख के कारण घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरूआती कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 788.52 अंक टूटकर 76,155.76 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 269 अंक की गिरावट के साथ 23,786.80 पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त में रहे।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तीन प्रतिशत से अधिक और



जापान का निक्की 225 करीब तीन प्रतिशत टूटा। चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी गिरावट में कारोबार कर रहे हैं।

अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 0.76 प्रतिशत चढ़कर 95.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 1,143.38 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स मंगलवार को 12.99 अंक और निफ्टी 24.60 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# When roads end, drones carry Nepal's dead home

PRESS TRUST OF INDIA
Kathmandu



Family members and relatives during the final rites for flood victims at the Pashupatinath Electric Crematorium, in Kathmandu, Nepal on Wednesday PTI

In the flood-ravaged hills of Nepal, drones are doing something far beyond their traditional role of taking aerial photographs or mapping — carrying the dead home.

Seven bodies were airlifted by drones this week from Devighat-3 in Nuwakot to Devighat-5, from an area so difficult and dangerous to navigate that rescuers could not safely reach it, according to a report published in The *Kathmandu Post newspaper* on Wednesday.

It was "perhaps their most unusual role yet", the report said. The drone team included personnel from Nepal Police, Nepal Army, and drone manufacturing company Garud X.

The unusual operation is the latest example of how drones, also known as unmanned aerial vehicles (UAVs), are quietly becoming an extra pair of hands and eyes in Nepal's disaster response.

From ferrying food and medicines to cut-off communities, searching for survivors in inaccessible areas and even airlifting bodies from locations too dangerous for rescuers to reach, drones in Nepal are rapidly shedding their image as mere tools for photography and mapping and emerging as an unlikely lifeline during disasters. In Devighat-3, one of the worst-hit areas, an AI-enabled drone recently flew over stranded villagers, its loudspeaker asking them a series of simple questions: Do you have water Food Medicine Villagers were asked to raise their hands in response.
